**खबर संक्षेप**

### विंध्य क्षेत्र में डिजिटल क्रांतिः टीएसी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित



**सतना।** डिजिटल क्रांति को नई गति देने के उद्देश्य से,25 नवंबर को सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता में दूरसंचार सलाहकार समिति की महत्वपूर्ण बैठक विंध्य चैंबर ऑफ कॉमर्स में आयोजित हुई। बैठक में नेटवर्क विस्तार और सेवा उत्कृष्टता पर जोर दिया गया।सांसद ने 4 जी सैचुरेशन की आवश्यकता पर बल दिया। ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में डिजिटल अंतर को पाटने के लिए विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की गई। अगले चरण में सतना व्यावसायिक क्षेत्र के 86 नए गांवों को 4G से जोड़ा जाएगा। अधिकारियों ने पुष्टि की कि 250 से अधिक ग्राम पंचायतें अब हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड के लिए 'सर्विस-तैयार' हैं,और शेष को अगली तिमाही तक जोड़ने का लक्ष्य है।

## रामपुर चौरासी में कुएं में मिला बच्चे का शव हत्या की आशंका, ग्रामीणों ने किया हंगामा

**सतना। जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है,जहाँ एक बच्चे का शव कुएं में मिलने से हड़कंप मच गया। मंगलवार दोपहर ग्रामीणों ने एक कुएं में शव देखा,जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और देखते ही देखते मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण और परिजन एकत्र हो गए। परिजनों ने आरोप लगाया है कि बच्चे की हत्या कर उसे कुएं में फेंका गया है,क्योंकि बच्चा खुद कुएं में नहीं गिर सकता।** पुलिस के पहुंचने से पहले ही घटना स्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो चुकी थी। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था और वे न्याय की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों में भी भारी आक्रोश देखने को मिला। मौके पर पहुंची सिविल लाइन थाना पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने और भीड़ को शांत कराने का प्रयास किया। पुलिस ने परिजनों और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया और उन्हें आश्वासन दिया कि मामले की गंभीरता से जांच की जाएगी। पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकलवाया और तत्काल पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही बच्चे की मौत के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा कि यह एक दुर्घटना थी या फिर किसी ने उसकी हत्या कर शव को कुएं में फेंका है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सभी संभावित पहलुओं पर गौर कर रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और घटना से संबंधित कोई भी





सुराग ढूंढने का प्रयास किया जा रहा है। यह घटना सतना में कानून-व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करती है। परिजनों का आरोप है कि बच्चे के लापता होने के बाद से ही वे उसकी तलाश कर रहे थे,लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया था। अब जब उसका शव मिला है,तो परिजनों का दर्द और गुस्सा जायज है। उन्हें शक है कि यह सुनियोजित हत्या है और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। पुलिस ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष टीम का गठन किया गया है,जो इस पूरे प्रकरण की गहराई से जांच करेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही सच्चाई सामने लाई जाएगी। पूरे क्षेत्र में इस घटना को लेकर तनाव का माहौल है और लोग पुलिस से जल्द से जल्द न्याय की उम्मीद कर रहे हैं। इस दुखद घटना ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है।

### सांसद खेल महोत्सव 2025ः सतना और मैहर में 11 खेलों में 7900 से अधिक खिलाड़ी लेंगे भाग

**सतना।** सतना और मैहर जिलों में 'सांसद खेल महोत्सव 2025' का आयोजन किया जा रहा है,जो 'खेलो इंडिया गेम्स' और 'फिट इंडिया' कार्यक्रम की परिकल्पना के तहत जिले की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और स्वस्थ मनोरंजन के उद्देश्य से हो रहा है। पहले 'सांसद ट्रॉफी' के नाम से जाना जाने वाला यह आयोजन,प्रधानमंत्री की सराहना के बाद अब 'सांसद खेल महोत्सव' के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर लागू किया गया है। मंगलवार को सांसद गणेश सिंह ने एक पत्रकार वार्ता में बताया कि 2011-12में सिर्फ क्रिकेट से शुरू हुआ यह आयोजन अब 2025 में 11 खेलों तक पहुँच गया है ,जिसमें कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, टेनिस बॉल क्रिकेट, बास्केटबॉल, रस्साकशी, एथलेटिक्स, दिव्यांग क्रिकेट,खो-खो,दिव्यांग साइकिल रेस,और कुश्ती शामिल हैं। यह महोत्सव तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा हैः प्रथम चरण 26 नवंबर 25 से,द्वितीय चरण 06 दिसंबर 25 से,और तृतीय चरण 10 दिसंबर 25 से शुरू होगा। यह आयोजन मैहर जिले के 3 स्थानों (मैहर,अमरपाटन, रामनगर) और सतना जिले के 7 स्थानों पर हो रहा है। ऑनलाइन पंजीकरण में 16,503 खिलाड़ियों ने रुचि दिखाई थी,लेकिन वास्तविक पंजीकरण में 596 टीमों के कुल 7,963 खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित हुई है। वॉलीबॉल,फुटबॉल,कबड्डी,खो-खो,बास्केटबॉल,और रस्साकशी के फाइनल मुकाबले सतना के दादा सुखेंद्र सिंह स्टेडियम में होंगे।इस वृहद आयोजन के लिए जिला एवं स्थल आयोजन समितियों का गठन किया गया है,जिसमें खेल विशेषज्ञ और वरिष्ठ खिलाड़ी शामिल हैं।




### सुन्नी मुस्लिम कब्रिस्तान की बाउंड्री वॉल का 3.66 लाख से होगा जीर्णोद्धार, हुआ भूमि पूजन



**मैहर।** मैहर नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 09 स्थित सुन्नी मुस्लिम कब्रिस्तान की लंबे समय से जर्जर बाउंड्री वॉल के जीर्णोद्धार का कार्य अब शुरू होगा। मानपुर रोड की ऊंचाई बढ़ने से बाउंड्री नीची हो गई थी,जिससे सुरक्षा संबंधी समस्याएं आ रही थीं। मुस्लिम समाज के लोगों की मांग पर,वार्ड की पार्षद निधि प्रजापति और पार्षद प्रतिनिधि अजीत प्रजापति ने गंभीरता दिखाते हुए 3.66 लाख की राशि स्वीकृत कराई। इसी क्रम में आज कब्रिस्तान परिसर में बाउंड्री निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि अजीत प्रजापति,पूर्व मुस्लिम कब्रिस्तान कमेटी के सदर इस्लाम अहमद,पूर्व पार्षद प्रत्याशी आदिल खान,इंजीनियर आशुतोष तिवारी,ठेकेदार गुप्ता,बाबू शाह सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। विधि-विधान से भूमि पूजन किया गया और जल्द निर्माण कार्य शुरू करने की घोषणा की गई। मुस्लिम समाज एवं स्थानीय निवासियों ने इस कार्य के लिए पार्षद निधि प्रजापति और पार्षद प्रतिनिधि अजीत प्रजापति का आभार व्यक्त किया। पार्षद प्रतिनिधि अजीत प्रजापति ने कहा कि यह कार्य कब्रिस्तान की सुरक्षा और संरचना दोनों को मजबूत करेगा।

## बड़ा अखाड़ा से निकली श्री सीताराम विवाह महोत्सव की भव्य शोभायात्रा





**मैहर।** श्री सीताराम विवाहोत्सव के पावन अवसर पर आज शाम बड़ा अखाड़ा परिसर से सीताराम विवाह की भव्य बारात एवं शोभा यात्रा निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन के मुख्य यजमान नितिन ताम्रकार एवं श्रीमती शीतल नितिन ताम्रकार रहे। शोभा यात्रा के दौरान सांसद गणेश सिंह,विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बड़े अखाड़ा के महन्त संत वल्लभ सरण महाराज जी ने आशीर्वचन प्रदान किया।महिलाओं के मंगलगीत गायन के साथ बारात बड़ा अखाड़ा से प्रारंभ हुई। सबसे पहले हनुमान मंदिर पहुंची। जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई सपरिवार द्वारा बारात का भव्य स्वागत किया गया।किला चौक पहुंची,जहां किला महाराज द्वारा पारंपरिक विधि-विधान से स्वागत हुआ। पुरानी बस्ती,रहीम चौराहा,चौरसिया मोहल्ला होते हुए,राम भक्तों ने स्वागत और प्रसाद वितरित किया।शारदा टॉकीज होते हुए,घंटाघर से कटरा बाजार से गुजरी। काली माता मंदिर से मुड़कर चंडी देवी मंदिर पहुंची,जहां नगर के जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने स्वागत किया। शोभा यात्रा में कई रथों पर सवार झांकियां,बैंड बाजा का काफिला और पूरे रास्ते में आतिशबाजी होती रही। पूरे मार्ग पर भक्ति संगीत और जयकारे गूंजते रहे। सांस्कृतिक झांकियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में नागरिक अपने घरों के सामने मौजूद रहे। चंडी देवी स्थित प्रांगण में विवाह के कार्यक्रम संपन्न कराए गए। पूरी यात्रा के दौरान पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।

### कलेक्टर ने सुनी 83 आवेदकों की समस्यायें



**सतना।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 83 आवेदकों की समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिये। इस मौके पर अपर कलेक्टर विकास सिंह,एसडीएम एलआर जांगडे द्वारा भी आवेदकों की समस्याओं पर जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने,अनुकंपा नियुक्ति, खाद्यान पात्रता पर्ची,दाखिल-खारिज कराने,प्रधानमंत्री आवास योजना,अवैध कब्जा हटाने,विद्युत समस्या,जमीन का कब्जा दिलाने,सीमांकन कराने,दिव्यांग मोटराईज्ड ट्राईसिकिल दिलाने,चिकित्सा सहायता,रोजगार दिलाने,भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

### मैहर जिले की जनसुनवाई में आये 15 आवेदन

कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 15 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर कलेक्टर संजना जैन,एसडीएम दिव्या पटेल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत को नमनः हिंद की चादर के बलिदान पर विशेष आयोजन






**सतना।** गुरु तेग बहादुर जी का 350 वां शहीदी दिवस 25 नवंबर को पूरे श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर शहर के गुरुद्वारा नानक दरबार सिटी कोतवाली के पीछे, नानक देवर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए,जिसमें देश-भर की संगत ने हिस्सा लिया। गुरु तेग बहादुर जी,जिन्होंने औरंगजेब के जबरन धर्म परिवर्तन के आदेश को ठुकराकर शहादत दी,वह 'हिंद की चादर' के नाम से प्रसिद्ध हैं। उनकी शहादत को धार्मिक स्वतंत्रता,मानवता और निडरता का प्रतीक माना जाता है। उनकी मिसाल ने सिख समाज को एकजुट होकर अपने धर्म और अधिकारों की रक्षा करने की प्रेरणा दी। गुरुद्वारा श्री नानक दरबार में बड़ी श्रद्धा के साथ कीर्तन और सभा आयोजित हुई। बाहर से पधारे रागी जत्था ने अपने अमृतमयी गुरबाणी कीर्तन से संगत को निहाल किया। बड़ी संख्या में संगत ने लंगर और सेवा में भाग लिया। शहीदी पर्व की पूर्व संध्या पर 26 नवंबर को जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरण और भोजन सेवा का आयोजन होगा। यह सेवा गुरु तेग बहादुर जी की परंपरा को जीवंत बनाती है और गरीबों,जरूरतमंदों की मदद व समाज में एकता का संदेश देती है।

**घर-घर दीयों और सेवा की परंपरा**

स्मृति के रूप में,सिख परिवार अपने घरों में दीये जलाते हैं और ज़रूरतमंदों को भोजन कराते हैं। यह परंपरा गुरु साहिब की कुर्बानी को घर-घर तक पहुंचाती है और समुदाय में भाईचारे की भावना बढ़ाती है। गुरु तेग बहादुर जी की शहादत ने न सिर्फ सिख पंथ को,बल्कि समूची मानवता को धार्मिक स्वतंत्रता,सहिष्णुता और सत्य के मार्ग पर चलने की ताकत दी। आज भी उनकी शिक्षाएँ नए युग को प्रेरित करती हैं।

## प्रिज्म ने ट्रक ड्राइवरों एवं उनके सहायकों का निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराया



**सतना। प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा अपने सामजिक उत्तरदायित्वों के अंतर्गत दो दिवसीय निःशुल्क नेत्र एवं सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन समरिटन हास्पिटल एवं सोशल सर्विस सोसायटी सतना के सहयोग से भारतीय स्टेट बैंक के सामने पीपीएस यार्ड में किया गया।** इस दौरान 148 ट्रक ड्राइवरों एवं उनके सहायकों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण,ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर की जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार दवाईयॉ प्रदान की गई। साथ ही साथ शिविर में 23 अन्य मरीजों की सामान्य जॉच भी की गई। इस शिविर में नेत्र जॉच कर आवश्यकतानुसार 66 मरीजों को निःशुल्क चश्में प्रदान किये गये। उपरोक्त जानकारी देते हुये प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम सीएसआर एंड पब्लिक रिलेशन देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि इस विशेष चिकित्सा शिविर का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लवकुश सिंह समाजसेवी बम्हौरी, विशिष्ट अतिथि अरूण सिंह बघेल,प्रिज़्म जॉनसन के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट (एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स) डॉ.मनीष कुमार सिन्हा,वीपी मेडिकल सर्विसेस डॉ.डी.डी. मिश्रा,जेजीएम लाजिस्टिक परमजीत सिंह व सोशल सर्विस सोसायटी सतना के प्रोग्राम आफीसर मन्नू जोसेफ एवं पीआरओ पंकज उर्मलिया के द्वारा भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लवकुश सिंह अपने सम्बोधन में कहा कि ड्राइवर की उत्पादक प्लांटों की ग्रोथ में अहम भूमिका होती है।क्योंकि यही वह कड़ी बनते हैं जो निर्मित माल को गंतव्य स्थान तक लाने एवं ले जाने का कार्य करते है। कार्यक्रम के अध्यक्ष सीनियर वाइस प्रेसीडेंट (एच आर एम एंड कार्पोरेट अफेयर्स) डॉ मनीष कुमार सिन्हा ने अपने सम्बोधन में कहा कि ड्राइवरों को नेत्र परीक्षण समय-समय पर कराते रहना चाहिये जिससे संभावित दुर्घटनाओं से बचा जा सके। जब स्वस्थ्य रहेंगे तभी कोई कार्य ढंग से कर पायेंगे। इसी बात को ध्यान में रखते हुये प्रिज़्म जॉनसन द्वारा अपनी जिम्मेदारी को समझते हुये इस चिकित्सा शिविर का आयोजन किया है। इसलिये इनकी सेहत का स्वस्थ होना बहुत ही आवश्यक है। इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर में कंपनी की ओर से असद अली नकवी,प्रकाश पाण्डेय,संजय सिंह परिहार एवं पैरामेडिकल स्टॉफ की टीम में विजय मिश्रा, संदीप तिवारी,शरद द्विवेदी समरिटन सोशल सर्विस सोसायटी सतना से बीओएमएस. उत्तम त्रिपाठी, रामकिशन वर्मा एवं क्षेत्रीय समन्वयक अंकित सिंह परिहार ने अपनी सेवायें प्रदान कीं।




## खबर संक्षेप

### नाबालिग बच्ची घर से गायब, परिजन हैरान

अमानगंज। पुलिस थाना क्षेत्र अमानगंज अंतर्गत आने वाले ग्राम रामपुर से एक 14 वर्षीय ना वाले बालिका के गायब होने की रिपोर्ट उसकी मां के द्वारा थाना उपस्थित आकर जुबानी रिपोर्ट किया कि मेरी लडकी जिसकी उम्र करीब 14 साल घर से गांव तरफ चली गई थी जो करीब 1 घंटे तक घर वापस नही आई तब मैने अपने लडके को बुलाने गांव तरफ भेजा जो लडकी कही नही मिली तब इधर उधर तलाश किया रिश्तेदारो में भी पता किया जिसका कोई पता नही चला मुझे शंका है कि मेरी नाबालिक लडकी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर भगा ले गया है।फरियादिया कि रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 137 (2) बीएनएस के तहत अपराध कायम कर मामला विवेचना में लिया।

### नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक 28 नवम्बर को

**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार की अध्यक्षता में जिला नजूल निर्वर्तन समिति पन्ना की बैठक शुक्रवार, 28 नवम्बर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सुबह 11 बजे आयोजित की गई है। इसमें शासकीय विभागों को शासकीय भूमि आवंटन संबंधी प्रस्ताव पर म.प्र. नजूल निर्वर्तन निर्देश 2020 के तहत चर्चा की जाएगी। नजूल अधिकारी संजय कुमार नागवंशी द्वारा समिति की बैठक में संबंधित अधिकारियों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

### एसआईआर के संबंध में राजनैतिक दल की बैठक आज

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य प्रचलन में है। इस संबंध में राजनैतिक दलों से आवश्यक चर्चा के उद्देश्य से बुधवार, 26 नवम्बर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोपहर 1 बजे बैठक का आयोजन किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऊषा परमार की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली बैठक के अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के अध्यक्ष एवं सचिव से उपस्थित रहने की अपील की गई है।

### बुधवार को मनाया जाएगा संविधान दिवस

**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार बुधवार, 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन होगा। साथ ही ऑनलाइन संविधान दिवस क्विज प्रतियोगिता, फिल्म प्रदर्शन, प्रदर्शनी सहित स्कूल और कॉलेज में विशेष सभाओं का आयोजन कर भारतीय संविधान के अनूठे स्वरूप, संविधान सभा का महत्व एवं योगदान तथा संविधान सभा की महिला सदस्यों के योगदान पर भी विशेष चर्चा की जाएगी। संसदीय कार्य विभाग के निर्देशों के अनुक्रम में स्कूल, पंचायत, शासकीय कार्यालय एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी उद्देशिका के वॉल आर्ट निर्मित करने सहित तहसील, पंचायत व ग्राम स्तर पर उद्देशिका के सामूहिक वाचन के निर्देश दिए गए हैं। इसमें अधिकाधिक संख्या में शासकीय सेवकों के साथ आम जनता की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। संविधान दिवस पर जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट परिसर में अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा सुबह 11 बजे संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया जाएगा।

## एक परीक्षार्थी नकल करते पकड़ा गया

# छत्रसाल महाविद्यालय में विश्वविद्यालयीन सेमेस्टर परीक्षा प्रारंभ

**पन्ना।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में दिनांक 24 नवंबर से दिसंबर 2025 की विश्वविद्यालयीन सेमेस्टर परीक्षाएँ महाविद्यालय के प्राचार्य एवं वरिष्ठ केंद्राध्यक्ष डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में सुव्यवस्थित एवं अनुशासित वातावरण में प्रारंभ हुईं। सेमेस्टर परीक्षाएं दो पाली में संचालित होंगी। प्रथम पाली के परीक्षा का समय प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक है तथा द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक है। प्रथम पाली के केंद्राध्यक्ष डॉ आर एम दत्ता तथा सहायक केंद्राध्यक्ष डॉ धरमू कुशवाहा एवं डॉ राजेश पटेल है। द्वितीय पाली के परीक्षा के केंद्राध्यक्ष डॉ. आनंद चौरसिया एवं सहायक केंद्राध्यक्ष डॉ. सतीश त्रिपाठी और आभाष तिवारी है। सेमेस्टर परीक्षाओं के प्रथम दिवस द्वितीय पाली में बी.एड. तृतीय सेमेस्टर के अंतर्गत एजुकेशन माइक्रो टीचिंग विषय की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों के कुल 437



परीक्षार्थियों ने सहभागिता की। परीक्षार्थियों को बैठाने हेतु महाविद्यालय में 11 परीक्षा कक्ष तैयार किए गए थे। परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा पन्ना जिले के लिए विशेष उड़नदस्ता दल गठित किया गया है, जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस डी चतुर्वेदी, डॉ. जे. के. वर्मा, डॉ. नरेश कुमार पटेल शासकीय कन्या महाविद्यालय पन्ना एवं डॉ धरमू कुशवाहा शामिल है। निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य एवं वरिष्ठ केंद्राध्यक्ष ने परीक्षा कक्षों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय एक विद्यार्थी को नकल करते हुए पकड़ा गया, जिसके विरुद्ध नियमानुसार नकल प्रकरण पंजीबद्ध कर विश्वविद्यालय को प्रेषित किया गया। महाविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सेमेस्टर परीक्षाएँ विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशों व अनुशासन संबंधी सभी शर्तों के साथ संचालित की जा रही हैं। किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि, नकल या परीक्षा अनुशासन भंग करने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी परीक्षार्थियों से आग्रह किया है कि वे विश्वविद्यालय एवं केंद्र द्वारा तय किए गए सभी नियमों का पालन करें और निष्पक्ष परीक्षा प्रक्रिया में सहयोग दें।

# चचेरे भाई ने किया इनकार, अजनबी वीरेंद्र पटेल ने रक्त देकर बचाई तीन बच्चों के पिता की जान

**पन्ना।** मानवीयता और निस्वार्थ सेवा की एक मिसाल पेश करते हुए, पन्ना जिले के अजयगढ़ निवासी पंकज मिश्रा (पिता सुकदेव मिश्रा) को सबसे दुर्लभ और जटिल माने जाने वाले श्ओ-नेगेटिवश (०-दमहंजपअम) रक्त समूह की तत्काल आवश्यकता थी। तीन छोटे बच्चों के पिता पंकज की जान बचाने के लिए रक्त की खोज में पूरा परिवार जुटा हुआ था, लेकिन सही मिलान न होने से हताश था। मिश्रा परिवार में कई सदस्य रक्त देने को तैयार थे, पर उनका ब्लड ग्रुप मेल नहीं खा रहा था। पंकज के सगे चचेरे भाई दीपक मिश्रा का ब्लड ग्रुप भी श्ओ-नेगेटिवश था और उनका हीमोग्लोबिन स्तर भी 15 पॉइंट के करीब था, जो रक्त दान के लिए पूरी तरह उपयुक्त था। लेकिन, जब उनसे रक्तदान करने का आग्रह किया गया, तो उन्होंने स्पष्ट रूप से मना कर दिया। उनके इस फैसले से परिवार में मायूसी छा गई और पंकज की जान खतरे में पड़ गई। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए, परिजनों ने स्थानीय समाजसेवी और एलआईसी अभिकर्ता राम



बिहारी गोस्वामी से संपर्क किया। गोस्वामी ने तुरंत कार्रवाई करते हुए, सोशल मीडिया के विभिन्न मंचों पर पंकज मिश्रा की गंभीर हालत और आवश्यक रक्त समूह के बारे में संदेश प्रसारित किया। यह संदेश गुनौर पन्ना निवासी वीरेंद्र कुमार पटेल (जिन्हें श्वीरू भाईश के नाम से भी जाना जाता है) तक पहुंचा। संदेश पढ़ते ही, वीरेंद्र ने बिना किसी देरी या झिझक के, पहली बार स्वेच्छा से रक्तदान करने का पुनीत निर्णय लिया। वह तुरंत जिला अस्पताल पहुंचे और निःशुल्क एवं निस्वार्थ भाव से अपना ओ-नेगेटिव रक्त दान किया। जहां एक ओर सगे रिश्तेदार ने खून देने से इनकार कर दिया था, वहीं एक पूर्ण अजनबी द्वारा दिखाई गई इस तत्परता और जीवन रक्षा के कार्य ने हर किसी को भावुक कर दिया। वीरेंद्र पटेल के इस कार्य की जिले भर में जमकर सराहना हो रही है। लोगों का कहना है कि रक्त का रिश्ता, सगे रिश्ते पर भारी पड़ गया। इस पूरे अभियान में समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी का योगदान भी सराहनीय रहा, जिन्होंने सूचना का सही समय पर प्रसार कर एक अनमोल जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के द्वारा शत प्रतिशत एसआईआर प्रक्रिया पूर्ण करने वाले बीएलओ को किया सम्मानित

### शॉल एवं श्रीफल किया भेंट

**पवई।** चुनाव आयोग के द्वारा 12 राज्यों में एस आई आर अर्थात विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक चलाया जा रहा है। इसके साथ ही प्रदेश एवं जिले में इस कार्य में लगे हुए एवं अपना शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जा रहा है। इसी के तहत मंगलवार को तहसील कार्यालय पवई में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पवई सुश्री समीक्षा जैन एवं तहसीलदार त्रिलोक सिंह के द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एस आई आर के कार्य को शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले बीएलओ एवं उनके सहायकों को साल एवं श्रीफल भेंट करते हुए उन्हें सम्मानित किया,जिसमें पवई के बूथ क्रमांक 130 से माध्यमिक शिक्षक अजित पाठक,हडा 136 से अमित कुमार जैन, सहायक मिहरबान सिंह एवं विजय कुमार गौतम, हिनौता 103 से शिवसागर कुंवर प्राथमिक शिक्षक,सहयोगी श्रीमती संध्या बड़गैया, आशा कार्यकर्ता अनीता पांडे आंगनवाड़ी



कार्यकर्ता, 288 मेंनहा से ओमकार गौतम प्राथमिक शिक्षक एवं उनके सहयोगी गोविंद नामदेव, प्राथमिक शिक्षक,284 मुड़वारी से अरविंद कुमार शर्मा प्राथमिक शिक्षक सहयोगी मयंक परौहा अतिथि शिक्षक, 259 सिजहिटी से विजय कुमार पाठक प्राथमिक शिक्षक ल,314 से प्राथमिक शिक्षक लल्लू सिंह उनके सहयोगी रामनारायण पांडे ग्राम रोजगार सहायक,29 कुलुवा से सुनील कुमार साहू प्राथमिक शिक्षक एवं 70 बरतला से हनुमत सिंह ठाकुर प्राथमिक शिक्षक के साथ सुपरवाइजर हरिशंकर खटीक, सुनील कुमार गर्ग, हीरेंद्र सिंह, नीरज तिवारी नरेंद्र गुप्ता, सुरेंद्र खंपरिया शामिल रहे।

# नगरीय क्षेत्रों में भूमिहीन परिवारों को मिलेगा आवासीय भूमि का पट्टा

**पन्ना।** राज्य सरकार ने नगरीय क्षेत्रों में रहने वाले भूमिहीन और आवासहीन परिवारों को आवासीय भूमि के पट्टाधिकार प्रदान करने के लिए गत 20 नवम्बर से व्यापक अभियान शुरू किया है। यह अभियान 13 दिसम्बर तक चलेगा। इसके लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा राजस्व विभाग ने संयुक्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत बीएलसी और एएचपी घटकों के सुचारू क्रियान्वयन के लिए यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार ने वर्ष 1984 के मध्यप्रदेश नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधिकार) अधिनियम में संशोधन करते हुए पात्रता तिथि को 31 दिसम्बर 2020 निर्धारित किया है।

इस तिथि तक सरकारी, नगर निकाय या विकास प्राधिकरण की भूमि पर वास्तविक रूप से काबिज ऐसे आवासहीन परिवार पट्टाधिकार प्राप्त करने के पात्र होंगे। सभी नगरीय क्षेत्रों में सर्वेक्षण कार्य 20 नवम्बर से 13 दिसम्बर तक चलेगा। सूची 14 दिसम्बर को प्रकाशित की जाएगी। किसी भी आपत्ति या सुझाव के निराकरण के बाद 29 दिसम्बर को अंतिम सूची संबंधित जिला कलेक्टर द्वारा जारी की जाएगी। यह सूची संबंधित जिला कार्यालय की वेबसाइट और विभागीय वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी। जिले में सर्वेक्षण दल गठित किए जाएंगे, जिनमें राजस्व अधिकारी प्रमुख होंगे और सर्वेक्षण के दौरान आधार ई-केवायसी आधारित समग्र आईडी अनिवार्य रहेगी। सर्वेक्षण की प्रक्रिया पारदर्शी एवं सुचारू रूप से संचालित की जाएगी। अंतिम सूची जारी होने के बाद पात्र हितग्राहियों को आवासीय भूमि के स्थाई एवं अस्थायी पट्टों का वितरण 4 जनवरी 2026 से 20 फरवरी 2026 के मध्य किया जाएगा। स्थाई पट्टे लाल रंग में और अस्थायी पट्टे पीले रंग में प्रदान किए जाएंगे। जिन क्षेत्रों में झुग्गी बस्तियों का अन्यत्र पुनर्व्यवस्थापन आवश्यक है, वहां समिति के निर्णय अनुसार हितग्राहियों को वैकल्पिक स्थान पर व्यवस्थित किया जाएगा। स्थाई रूप से पट्टा प्राप्त क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, नालियां, बिजली और अन्य आवश्यक अधोसंरचना का विकास नगरीय निकाय एवं विकास प्राधिकरणों द्वारा प्राथमिकता से किया जाएगा। राज्य शासन ने पट्टा वितरण की पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और जनजागरूकता के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए हैं। अवैध अधिपत्य, धोखाधड़ी या गलत जानकारी के आधार पर पट्टा प्राप्त करने जैसे मामलों में संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर ब्लैकलिस्ट तैयार की जाएगी। राज्य सरकार का यह अभियान शहरी गरीबों को सुरक्षित आवासीय अधिकार प्रदान करने, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के सुचारू क्रियान्वयन और सबके लिए आवास के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राज्य सरकार का यह प्रयास शहरी गरीबों के लिए स्थायी समाधान प्रदान करने वाला है।

# वन परिक्षेत्र अधिकारी धरमपुर के मेहंदीपुरवा लामी तिगैला के पास खैर लकड़ी से भरे महिंद्रा बोलेरो पिकअप वाहन को किया जप्त

**अजयगढ़।** मुख्य वन संरक्षक छतरपुर एवं वन मंडल अधिकारी उत्तर पन्ना गर्वित गंगवार तथा अंशुल तिवारी उपवन मंडल अधिकारी विश्रामगंज के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी धरमपुर द्वारा टीम गठित कर विगत दिनांक 24.11.2025 को रात्रि में वन परिक्षेत्र धरमपुर अंतर्गत बीट सिलहाई के कक्ष क्रमांक पी 36 की राजस्व सीमा, मेहंदीपुरवा लामी तिगैला के पास खैर लकड़ी से भरे महिंद्रा बोलेरो पिकअप वाहन नंबर न्च्77छ 9865 को जप्त कर जप्ती की कार्यवाही की गई जप्ती की कार्यवाही उपरांत बगैर वैध दस्तावेज के परिवहन किए जाने के कारण कौशल किशोर पिता संत कुमार निवासी देवगांव, दशरथ पिता बोरा आदिवासी निवासी चंदनपुरवा जिला छतरपुर मध्य प्रदेश एवं हेतराम पिता





घसीटा प्रजापति निवासी कुंवरपुर तहसील अजयगढ़ जिला पन्ना मध्य प्रदेश के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 44421/21 दिनांक 24.11.2025 पंजीबद्ध किया जाकर वाहन जप्ती की कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में वैभव सिंह चंदेल वन परिक्षेत्र अधिकारी धरमपुर, श्री महीप कुमार रावत कार्यवाहक वनपाल परिक्षेत्र सहायक देवगांव, राम खगेश पटेल वनरक्षक बीट गार्ड पिस्टा, मुरलीधर अहिरवार वनरक्षक बीटगार्ड सिंहपुर, उमंग खरे वनरक्षक बीट गार्ड भैरहा, अंकुर खरे वनरक्षक बीट गार्ड गड़रपुर/सिलहाइ एवं राम भुवन यादव स्थाई कर्मी तथा अन्य वन स्टाफ आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




# जनसुनवाई में हुई 25 आवेदनों पर कार्यवाही

**पन्ना।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 25 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में कलेक्टर ऊषा परमार, अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे एवं संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई।

# जन्म-मृत्यु पंजीयन संबंधी पोर्टल एवं वेबसाइट के उपयोग के संबंध में परामर्श

**पन्ना। कलेक्टर एवं अतिरिक्त मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) ऊषा परमार ने समस्त रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक, रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जनपद पंचायत सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ को जन्म-मृत्यु पंजीयन संबंधी पोर्टल एवं वेबसाइट उपयोग करने के संबंध में परामर्श जारी किया है।** इस संबंध में अवगत कराया गया है कि जन्म-मृत्यु पंजीयन में उपयोग किए जाने वाले यूजर आईडी और पासवर्ड को किसी अन्य व्यक्ति के साथ साझा न किया जाए तथा फर्जी पोर्टल एवं वेबसाइट पर कार्य न करें। जिला कलेक्टर द्वारा आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय के निर्देशानुसार संबंधित अधिकारियों को नियमों का स्वयं पालन कर अपने क्षेत्र के अधीनस्थ रजिस्ट्रार एवं उप रजिस्ट्रार को भी अपना यूजर आईडी, पासवर्ड एवं ओटीपी किसी के साथ साझा न करने के लिए निर्देशित करने के निर्देश दिए गए हैं। बताया गया है कि मौजूदा पोर्टल डीसी डॉट सीआरएसओआरजीआई डॉट जीओव्ही डॉट इन का उपयोग करते समय पूरी सावधानी व सतर्कता बरतें। विभिन्न स्तर पर सक्रिय उपयोगकर्ताओं के लॉगिन क्रेडेंशियल की नियमित आधार पर जांच व सत्यापन के साथ पंजीकरण प्रणाली के आधिकारिक पोर्टल पर ही वांछित कार्यवाही के लिए कहा गया है।

# भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट आज 4277 रुपए

**पन्ना।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए मंगलवार, 25 नवंबर को 4277 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है, जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। सोयाबीन का पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 15 नवंबर को 4225 रुपए, 16 नवंबर को 4234 रुपए, 17 नवंबर को 4236 रुपए, 18 नवंबर को 4255 रुपए, 19 नवंबर को 4263 रुपए, 20 नवंबर को 4267 रुपए, 21 नवंबर को 4271 रुपए और 22 नवंबर को 4285 रुपए, 23 और 24 नवंबर को 4282 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था। किसानों को सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य की 5328 रुपए प्रति क्विंटल की राशि मिलेगी।

# नगरीय निकायों के अध्यक्ष पद के निर्वाचन संबंधी विधेयक विधानसभा में प्रस्तुत किए जाने की स्वीकृति

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को भोपाल में संपन्न हुई कैबिनेट बैठक में मंत्रिपरिषद द्वारा प्रदेश में नगर पालिका और नगर परिषद के अध्यक्ष पद का निर्वाचन प्रत्यक्ष प्रणाली से सीधे मतदाताओं द्वारा कराए जाने संबंधी विधेयक को विधानसभा में प्रस्तुत किए जाने की स्वीकृति दी गई है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में वर्ष 1999 से 2014 तक नगर पालिका और नगर परिषद के अध्यक्ष पद का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से सीधे मतदाताओं द्वारा कराए जाते रहे हैं। वर्ष 2022 में नगर पालिका और नगर परिषद के अध्यक्ष पद का चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से वार्डों के निर्वाचित पार्षदों के द्वारा कराए गए, जबकि महापौर का निर्वाचन प्रत्यक्ष प्रणाली से सीधे मतदाताओं द्वारा कराया जा रहा है।

# 9 दिसम्बर को खजुराहो में होगी मंत्रिपरिषद की बैठक

### 8-9 दिसम्बर को विभिन्न विभागों की दो वर्ष की उपलब्धियों और आगामी कार्य योजनाओं पर खजुराहो में होगी चर्चा

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में खजुराहो में 8 और 9 दिसम्बर को विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें विभागों की दो वर्ष की उपलब्धियों, नवाचारों, आगामी वर्षों के प्रमुख लक्ष्यों, चुनौतियों और कार्य योजनाओं पर चर्चा होगी। इसके साथ ही 9 दिसम्बर को मंत्रि परिषद की बैठक खजुराहो में होगी। यह गतिविधि केन बेतवा लिंक परियोजना और बुंदेलखंड के विकास को समर्पित होगी। प्रदेश में विगत वर्ष की भांति एक दिसम्बर को गीता जयंती भी धूमधाम से मनाई जाएगी। समस्त विकासखण्डों एवं जिला मुख्यालय में श्रीकृष्ण परंपरा के आचार्यों की सन्निधि में गीता प्रेमी श्रीमद्भागवत गीता के 15वें अध्याय के श्लोक का सस्वर पाठ करेंगे। कार्यक्रमों में गीता ज्ञान प्रतियोगिता, कृष्णायन-नृत्य नाटिका आदि का भी प्रदर्शन होगा।

## खबर संक्षेप

### सीमांकन के लिए दो साल से भटक रहा किसान



**छतरपुर।** बड़ामलहरा तहसील क्षेत्र के एक गांव में किसान अपनी जमीन के गलत सीमांकन को सुधरवाने के लिए दो साल से भटक रहा है। मंगलवार को किसान ने जिला स्तरीय जनसुनवाई में आवेदन देकर सही सीमांकन की गुहार लगाई गई। ग्राम देवपुर निवासी किसान मगनलाल कुशवाहा ने बताया कि वर्ष 2022 में उनकी जमीन का सीमांकन और पंचनामा गलत हो गया था। तब से तहसील, नायब तहसीलदार और राजस्व अधिकारियों के कई चक्कर लगा रहा है लेकिन सुधार नहीं हुआ। गलत सीमांकन के कारण उसे लगातार परेशानी हो रही है। मगन लाल ने आवेदन देकर सही सीमांकन कराने की मांग की है।

### नरसिंहगढ़ पुरवा में निकली भगवान राम की बारात



**छतरपुर।** शहर के नरसिंहगढ़ पुरवा स्थित श्रीराम-जानकी मंदिर में विवाह पंचमी के अवसर पर भगवान राम का विवाह उत्सव धूमधाम से मनाया गया। विवाह से पूर्व धूमधाम से बारात निकली जिसमें वार्ड 22 के सैकड़ों श्रद्धालु झूमते-नाचते हुए शामिल हुए। भक्त डॉ. राजेंद्र सिंह भक्त ने बताया कि मंदिर में अयोध्या की तर्ज पर सभी रस्में संपन्न होंगी। उन्होंने बताया कि हर साल विवाह पंचमी पर यह उत्सव होता है। मुख्य यजमान वधू पक्ष के पप्पू भार्गव बारात का स्वागत करेंगे और मंदिर में राम-जानकी का विवाह संपन्न कराएंगे। राम जानकी मंदिर से भव्य बारात निकली जिसमें ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच पूरा वार्ड शामिल हुआ।

## छतरपुर विश्वविद्यालय में हुआ क्रिकेटर क्रांति गौड़ का सम्मान

# अभी तो बुंदेलखण्ड से कई क्रांतियां निकालना है: क्रांति गौड़

### क्रांति ने किया क्रिकेट अकादमी के बच्चों को 1 लाख देने का ऐलान

**छतरपुर। महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेटर क्रांति गौड़ को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एक लाख रुपये का चेक, प्रशस्ति-पत्र, शॉल-श्रीफल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में क्रांति ने क्रिकेट अकादमी के बच्चों के लिए अपनी पूरी एक लाख रुपये की सम्मान राशि देने की घोषणा की।**

कुलपति प्रो. शुभा तिवारी की अध्यक्षता में हुए गरिमामय समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती व महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। संगीत विभाग की टीम ने सरस्वती वंदना व कुलगीत प्रस्तुत किया। मंचासीन अतिथियों में कुलपति प्रो. शुभा तिवारी, क्रांति गौड़, कोच राजीव बिल्थरे, कुलसचिव यशवंत सिंह पटेल, कार्यपरिषद सदस्य नीरज भार्गव, वरिष्ठ आचार्या प्रो. ममता वाजपेयी व संयोजक डॉ. बी.पी.एस. गौर रहे।



कुलपति ने कहा कि बुंदेलखंड की इस बेटी ने विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैन ऑफ द मैच बनकर सबको गौरवान्वित किया। मेहनत का रास्ता विश्व कप तक ले जाता है, आराम का रास्ता सिर्फ आराम तक। क्रांति ने अपने संबोधन में कहा कि मैं बुंदेलखंड की और बेटियों को भारतीय टीम तक ले जाना चाहती हूं, अभी तो कई क्रांतियां निकालनी हैं। कोच राजीव बिल्थरे ने कहा कि क्रांति बनना आसान नहीं, लेकिन नामुमकिन भी नहीं। वह दिन दूर नहीं जब क्रांति भारतीय महिला टीम की कप्तान बनेगी। समारोह में क्रांति गौड़ के कोच राजीव बिल्थरे को भी 21 हजार रुपये की सम्मान राशि, प्रशस्ति-पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. बीपी सिंह ने बताया कि क्रांति दृढ़ इच्छाशक्ति और संघर्ष का जीवंत उदाहरण हैं। समारोह के बाद क्रांति गौड़ और कोच राजीव बिल्थरे ने छात्रों-खिलाड़ियों के साथ संवाद सत्र लिया जिसमें उन्होंने अपनी खेल यात्रा, अंतरराष्ट्रीय तैयारी, फिटनेस, मानसिक मजबूती और चुनौतियों के अनुभव साझा किए। क्रांति ने कहा कि बुंदेलखंड की बेटियां किसी से कम नहीं, बस मौका और मार्गदर्शन चाहिए। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, प्राध्यापक और खेल प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्रांति के जीवन परिचय के साथ छात्रों ने उनके जीवन पर आधारित चित्र भी भेंट किया। निकिता यादव ने संचालन और कुलसचिव यशवंत सिंह पटेल ने आभार व्यक्त किया। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और शिक्षक उपस्थित रहे। समारोह प्रेरणा और उत्साह से भरपूर रहा।

# बेहतर उपचार एवं सफल सर्जरी का उदाहरण बना जिला अस्पताल



### ढाई माह की मान्या ने दिव्यांगता को हराया, माता-पिता हुए भावुक

**छतरपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा अस्पतालों में आधुनिक मशीनरी, विशेषज्ञ सेवाएं और चिकित्सा सेवा बढ़ाए जाने का लाभ सीधे आमजनता तक पहुंच रहा है। जिससे हमारे डॉक्टर भी मरीजों का स्थानीय स्तर पर बेहतर से बेहतर उपचार, सर्जरी एवं सफल ऑपरेशन सफलता पूर्वक कर रहे हैं।

ऐसा ही उदाहरण बनकर उभरा है छतरपुर का जिला अस्पताल, जहां प्रतिदिन अनेक मरीज बेहतर उपचार पाकर स्वस्थ होकर घर लौट रहे हैं। इसी सकारात्मक बदलाव का उदाहरण बनीं ढाई महीने की मान्या। जो ग्राम महेबा निवासी रमेश की बेटी हैं। मान्या का पैर जन्म से टेढ़ा था। जो क्लब फुट नामक बीमारी से ग्रसित थी। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उसके माता पिता महंगा ईलाज कराने में सक्षम नहीं थे। ऐसे कठिन समय में मान्या के पिता ने जिला अस्पताल का रुख करते हुए हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि सोनी से परामर्श लिया। डॉक्टर ने मान्या के पिता को भरोसा दिलाया और अपनी पूरी टीम के साथ मान्या के पैर का सफल ऑपरेशन किया। आज मान्या पूरी तरह से स्वस्थ है और वह जन्मजात दिव्यांगता को मात देकर सामान्य जीवन की ओर बढ़ रही है। मान्या के माता पिता ने अपनी बेटी को स्वस्थ पाकर जिला अस्पताल प्रबंधन को धन्यवाद दिया है।

### 390 बच्चों का सफल ऑपरेशन

डॉ. रवि सोनी ने बताया कि जिला अस्पताल में उन्होंने अभी तक हड्डी रोग एवं जन्मजात दिव्यांगता और बीमारी से जुड़े 390 बच्चों के सफल ऑपरेशन कर चुके हैं। यह उपलब्धि न केवल चिकित्सा टीम की विशेषज्ञता को दर्शाती है बल्कि सरकार की बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था और चिकित्सा का प्रमाण भी है।

# आईएएस संतोष वर्मा के विवादित बयान पर छतरपुर के वकीलों में आक्रोश

### ब्राह्मण समाज पर टिप्पणी से भड़के अधिवक्ता, कड़ी कार्रवाई की मांग



**छतरपुर।** जिला न्यायालय के वकीलों ने आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण महिलाओं पर दिए गए कथित विवादित बयान की कड़ी निंदा की है। वकीलों ने इसे सामाजिक समरसता पर हमला बताया और सरकार से तत्काल कठोर कार्रवाई की मांग की है। एडवोकेट रवि कुमार पांडे ने कहा कि संतोष वर्मा का बयान सामाजिक समरसता को खत्म करने और समाज में जहर घोलने का प्रयास है। उन्होंने चेतावनी दी कि सरकार ने कार्रवाई नहीं की तो उग्र आंदोलन होगा। इसी तरह एडवोकेट मनोज व्यास ने कहा कि संतोष वर्मा का बयान नीचता की पराकाष्ठा है। व्यक्ति कर्म से नहीं, सोच से छोटा होता है। आईएएस जैसे पद पर बैठा व्यक्ति अगर समाज में वैमनस्य फैलाए तो वह समाज में रहने लायक नहीं। जिला न्यायालय परिसर में वकीलों में इस बयान को लेकर भारी रोष है, उन्होंने सरकार से तुरंत कार्रवाई की मांग की है।

### ऑनलाइन वेरीफाई नहीं हो रहा हॉस्टल प्रमाण पत्र, छात्रवृत्ति राशि रुकी



**छतरपुर।** शासकीय छात्रावासों में रहने वाले अनुसूचित जाति के छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति राशि हॉस्टल प्रमाण-पत्र ऑनलाइन वेरीफाई न होने के कारण रुक गई है। मंगलवार को छात्रों ने जनसुनवाई में तत्काल समाधान के लिए आवेदन दिया। शहर के गणेश छात्रावास और महोबा रोड छात्रावास के छात्रों की ओर से नीलम प्रजापति ने बताया कि छात्रवृत्ति फॉर्म में हॉस्टल में रहने का प्रमाण-पत्र मांगा जा रहा है, लेकिन यह प्रमाण ऑनलाइन वेरीफाई नहीं हो पा रहा, इससे राशि अटकी हुई है और छात्रों को लाभ नहीं मिल पा रहा। नायब तहसीलदार रामनरेश गौतम ने छात्रों का आवेदन स्वीकार करते हुए जल्द ही समस्या का समाधान कराए जाने का भरोसा छात्रों को दिलाया है।

# एक शिक्षक के भरोसे है 60 बच्चों का भविष्य

### जनपद सदस्य ने उठाई शिक्षक नियुक्ति किए जाने की मांग



**छतरपुर।** गौरिहार अनुभाग की शासकीय प्राथमिक शाला चमरौटा पुरवा में शिक्षकों की कमी से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। 60 बच्चों के लिए सिर्फ एक शिक्षक बचा है, जिसके चलते क्षेत्रीय जनपद सदस्य ने अतिथि शिक्षक या शासकीय शिक्षक की व्यवस्था के लिए जनसुनवाई में आवेदन दिया। मंगलवार को जनपद पंचायत गौरिहार के वार्ड 14 पलटा की जनपद सदस्य भावना राजे ने जनसुनवाई में आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि स्कूल में सुरेश द्विवेदी और कुसुम प्रजापति बतौर शिक्षक पदस्थ हैं, लेकिन कुसुम प्रजापति पिछले चार साल से बालिका छात्रावास पहरा में ड्यूटी दे रही हैं। इससे सिर्फ सुरेश द्विवेदी अकेले 60 बच्चों को पढ़ा रहे हैं। भावना राजे ने मांग की है कि तत्काल अतिथि शिक्षक या किसी अन्य स्कूल से शासकीय शिक्षक की व्यवस्था की जाए ताकि बच्चों की पढ़ाई सुचारु हो सके।

### पांच साल से नहीं मिली पीएम किसान निधि



**छतरपुर।** बिजावर तहसील के जसगुवां टपरियन गांव के एक किसान को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ पांच साल से नहीं मिल रहा है। तहसील और जिला मुख्यालय के पचासों चक्कर लगाने के बाद भी समस्या हल नहीं हुई। मंगलवार को कलेक्टर जनसुनवाई में आवेदन देकर कमिश्नर से शिकायत करने की बात कही। मंगलवार को कैलाश राजपूत निवासी जसगुवां टपरियन ने बताया कि उनके भाई की 2020 में मृत्यु हो चुकी है लेकिन पीएम किसान निधि का एक भी पैसा परिवार को नहीं मिला। पांच साल से लगातार बिजावर तहसील और जिला मुख्यालय के चक्कर काट रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। भाई का परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। आज जनसुनवाई में फिर आवेदन दिया और कहा कि अब कमिश्नर तक शिकायत करेंगे ताकि योजना का लाभ मिल सके।

# परिवार के लोगों ने चने की फसल नष्ट कर कब्जा किया




**छतरपुर।** नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम भैरोगंज में कुछ लोगों द्वारा एक किसान के खेत में खड़ी चने की फसल को ट्रैक्टर से नष्ट कर जमीन पर कब्जे के प्रयास का मामला सामने आया है। पीड़ित ने बताया कि तीस साल पुराने पारिवारिक बंटवारे की जमीन पर विवाद चल रहा है। थाने में शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद पीड़िता ने कलेक्टर जनसुनवाई में न्याय की गुहार लगाई। मंगलवार को देवी पत्नी अनंत राम द्विवेदी निवासी भैरोगंज ने बताया कि परिवार में तीस वर्ष पहले बंटवारा हुआ था जिसमें उन्हें खसरा नंबर 4599 मिला था। नारायण दास को खसरा नंबर 4596 एवं 4600/1 तथा दुर्गा प्रसाद को खसरा नंबर 4597, 4600 और 4602 मिले थे। सभी अपने हिस्से में खेती करते आ रहे थे लेकिन अब घनश्याम दास द्विवेदी और नारायण दास द्विवेदी उनकी जमीन हड़पने की कोशिश कर रहे हैं। पीड़िता के पुत्र वीरेंद्र द्विवेदी ने बताया कि 11 नवंबर को उन्होंने खेत में खड़ी चने की फसल की वीडियो बनाई थी लेकिन 21 नवंबर को सुबह घनश्याम दास ने ट्रैक्टर चलवाकर पूरी फसल जुतवा दी। नौगांव थाने में शिकायत की लेकिन पुलिस ने इसे राजस्व मामला बताकर कार्रवाई से इनकार कर दिया। न्याय न मिलने पर देवी जनसुनवाई में पहुंची और पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

### मतदाता सूची गहन पुनिरीक्षण कार्य में लारवाही बरतने वाले दो बीएलओ को जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निलंबित



**सिंगरौली।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाताओं के सत्यापन कार्य में लापरवाही बरतने पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर गौरव बैनल ने दो बीएलओ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।कलेक्टर द्वारा निलंबित बीएलओ मे विधानसभा क्षेत्र 80 सिंगरौली के मतदान केंद्र क्रमांक 59 गर्दा के बीएलओ प्राथमिक शिक्षक उर्मिला कोल तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 249 परसदेही के बीएलओ परसुराम शाह को बीएलओ प्रशिक्षण में अनुपसिथत रहने पर निलंबित किया गया है।जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उप रोक्त दोनो बीएलओ को पहले नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1966 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के प्रावधानों के तहत निलंबन की कार्रवाई की गई।निलंबन अवधि में बीएलओ का निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय विधानसभा क्षेत्र देवसर नियत किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।



### महापौर ने किया वार्ड 38 में कायाकल्प के तहत निर्माणाधी पीसीसी सड़क का निरीक्षण

## सड़क निर्माण कार्य को समय पर पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करायें- रानी अग्रवाल

**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली की महापौर रानी अग्रवाल के द्वारा आज वार्ड क्रमांक 38 तुलसी ढोटी 2.0 कायाकल्प 2.0 के तहत निर्माणाधीन पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने सड़क निर्माण की गुणवत्ता की जानकारी ली। तथा निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण कराया जायें। सड़क निर्माण की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही होगी। नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय-समय पर सड़क निर्माण गुणवत्ता की जांच करे। महापौर ने कहा कि सड़क बन जाने से वार्ड वासियों के आवागमन की समस्या का समाधान होगा। महापौर ने उपस्थत संविदाकार से कहा कि भविष्य में भी जो निर्माण कार्य उसके द्वारा कराए जाएं, वो भी निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता को ध्यान में रखकर कराए जाएं। इस अवसर पर वॉर्ड पार्षद अनिल कुमार वैस एवं अपीलीय समिति सदस्य नगर पालिक निगम सिंगरौली संविदाकार अनूप सिंह, दिवाकर वैस, अरविंद कुमार वैस, प्रियांशु सिंह उपस्थित रहे ।

# जन सुनवाई में आने वाले हर एक आवेदनकर्ता की समस्याओं का तत्परता से निराकरण करें अधिकारी: बैनल

### कलेक्टर ने की 355 आवेदन पत्रों पर जन सुनवाई

### सिंगरौली शासन के मंशानुसार हर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जन सुनवाई में कलेक्टर



**सिंगरौली।** कल्क्टर ने 355 आवेदन पत्रो पर जन सुनवाई कर आवेदनकर्ताओ की समस्याओ को गंभीरता से सुना गया। कलेक्टर श्री बैनल जन सुनवाई में आने वाले आवेदनकर्ता की समस्या सुनने के पश्चात उपस्थित संबंधित अधिकारियों से उनके समस्याओ का जनसुनवाई में ही निराकरण कराया गया। साथ ही ऐसे आवेदन जिनका निराकरण जन सुनवाई मे नही हो सका संबंधित अधिकारियो को निर्देश दिए गए कि आवेदन पत्रो का निर्धारित समय सीमा में निराकरण कर आवेदनकर्ता को अवगत कराये।

जन सुनवाई में आए रामदास राय एवं राकमरण दाहिया, शंकर सोनी तथा प्रमोद अग्रहरि निवासी वार्ड क्रामंक 9 ने अपना आवेदन देते हुयें कलेक्टर को अवगत कराया कि एनसीएल द्वारा दोहरी नीति अपनाये जाने पर प्रस्तुत की शिकायत में बताया कि पट्टाधारी और सरकारी भूमि पर निवासरत परिवारो से एक समान कार्यवाही नही किया जा रहा है। वही सरकार योजनाओ का लाभ प्रदान कराने हेतु कई आवेदन प्राप्त हुयें जिनमें वृद्धा पेशन का लाभ दिलाए जाने हेतु बुधनी खैरवा एवं जागमती साकेत निवासी ग्राम हर्रई पूर्व ने अपना आवेदन दिया। इसी के साथ संबल योजना का लाभ दिलाने जाने हेतु सदानंद साकेत ग्राम बसनार पोस्ट चुर्की एवं सुनरमनिया शाह ग्राम घूरीताल ने संबल योजना का लाभ प्रदान करने का आवेदन दिया।

जनसुनवाई में राधा साकेत पति संजल नाथ साकेत ग्राम झलरी सरई द्वारा लाडली बहना योजना में आपना नाम जोड़ने का आवेदन दिया। वही ग्राम खेरी चितरंगी निवासी गोविद कोल ने कलेक्टर को इस आशय का आवेदन दिया कि मेरी पत्नी का एक्सीडेट हो गया है और मेरे आयुष्मान कार्ड के माध्यम से ईलाज का भुगतान नही हो रहा है जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को तत्काल समस्या का निवारण करने हेतु निर्देशित किया गया। जन सुनवाई के दौरान संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह, महिला बाल विकास अधिकारी जीतेन्द्र गुप्ता, आबकारी अधिकारी सतीश कश्यप उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आज

रीवा । कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 26 नवम्बर को बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा गतदिनों भोपाल में ली गयी कलेक्टर कान्फ्रेंस से संबंधित जारी दिशा निर्देश एवं कार्यवाही विवरण के पालन प्रतिवेदन के संबंध में समीक्षा की जायेगी। कलेक्ट्रेट में शाम 4 बजे से आयोजित बैठक में संबंधित अधिकारियों को उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं।

### पैंट की जेब काटकर रुपए और महिला के गले से जेवर ले उड़े

रीवा । भांजी की शादी में शामिल होने आए दंपती को चोर ने निशाना बना लिया। बदमाश ने बड़ी सफाई से पेट की जेब को कैची से काटकर उससे रुपए निकाल लिए और महिला के गले से जेवर खीच लिए। घटना विछिया थाना क्षेत्र के हरिओम मैरिज गार्डन में हुई। रामपुर बघेलान के नीरज साहू अपनी पत्नी कल्पना के साथ यहां आए थे। रात में कार्यक्रम समाप्त होने के बाद दोनों मैरिज गार्डन में बने कमरे में सोने चले गए। देर रात बदमाश कमरे में घुस आया और कैची से नीरज की पेंट की जेब काटकर उसमें रखे 16 हजार रुपए निकाल लिए। कल्पना साहू के गले से सोने का मंगलसूत्र, मनचली और एक लंकेटि भी उतार लिया। सुबह जब उनकी नींद खुली और सामान विखरा देखा तो वे सन्न रह गए। थाने पहुंचकर घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मैरिज गार्डन में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जांची। फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति नजर आया है जो कमरे के आसपास घूमता दिखा, लेकिन उसने अपना चेहरा गमछे से ढका था, जिसके कारण पहचान नहीं हो पाई है। वैवाहिक आयोजनों के समय विवाह घर में बदमाश सक्रिय रहते हैं जो मौका मिलते ही वर व कन्या पक्ष को अपना शिकार बना लेते हैं। कई बार रुपयों से भरा बैग तो महिलाओं के जेवर पार कर देते हैं। भीड़ में आराम से वे घटना को अंजाम देकर निकल जाते हैं और किसी को भनक तक नहीं लग पाती है।

### जिले में 1103080 मतदाताओं के गणना पत्रक हुए डिजिटलाइज्ड

रीवा। रीवा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य तेजी से जारी है। जिले में 25 नवम्बर को शाम 4 बजे तक 1103080 मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज्ड किए जा चुके हैं। जिले में मतदाताओं की कुल संख्या 1390667 है। कई बीएलओ ने अपने सभी मतदाताओं के गणना पत्रक संकलित करके शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन कर दिया है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जिले के मतदान केन्द्रों में बीएलओ तथा उनके सहायक पूरे उत्साह के साथ गणना पत्रक का डिजिटाइजेशन कर रहे हैं। अब तक जिले में कुल 79.32 प्रतिशत डिजिटाइजेशन किया जा चुका है। विधानसभा क्षेत्र सिरमौर में लक्ष्य का 82.05 प्रतिशत, सेमरिया में 83.48 प्रतिशत, त्योंथर में 80.49 प्रतिशत, मनगवां में 76.28 प्रतिशत, रीवा में 72.96 प्रतिशत तथा गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में 80.96 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। अब तक विधानसभा क्षेत्र सिरमौर में 184357, सेमरिया में 190871, त्योंथर में 177714, मनगवां में 192360, रीवा में 165615 तथा विधानसभा क्षेत्र गुढ़ में 192163 गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं। मतदाताओं से बड़ी संख्या में गणना पत्रक प्राप्त हो गए हैं। इन्हें डिजिटाइज करने के लिए पटवारी, ग्राम रोजगार सहायक तथा अन्य तकनीकी कर्मचारी बीएलओ को लगातार सहयोग कर रहे हैं। सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा अन्य अधिकारी मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में गणना पत्रक भरवाने और संकलित करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं।

# कागजों में खर्च कर दी रूसा मद की राशि

**अब केंद्र की टीम करेगी पड़ताल सामग्री खरीदी में मिली थी विसंगति, शिकायत के बाद होगा परीक्षणदिसंबर के पहले सप्ताह में जांच करने पहुंच सकती है टीम**

जिले के तीन शासकीय कॉलेजो को केंद्र सरकार की योजना राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान से रीवा जिले के तीन शासकीय कॉलेजों को मिले करीब छह करोड़ रुपए विभिन्न मदों में खर्च करने के लिए दिए गए थे लेकिन यह राशि कहां खर्च कर दी गई इसका हिसाब तक नहीं हैं।

रीवा।

शिकायतों के बाद अब केंद्र सरकार प्रदेश के कई जिलों में सत्यापन के लिए टीमें भेज रही है, जिसमें रीवा जिला भी शामिल हैं। रूसा प्रोजेक्ट से मिली राशि से निर्माण और सामग्री खरीदी में नियमों के उाबंधन की शिकायतें सामने आई हैं। रूसा प्रोजेक्ट के कार्यों में खरीदी को लेकर ही अधिक सवाल उठाए जा रहे हैं। कॉलेजों की कुछ सामग्रियों को छोड़कर अधिकांश की खरीदी में भूमिका नहीं होती। मुयालय खरीदी करने के बाद कॉलेजों को सामग्री मुहैया कराई जाती है, जिसमें कॉलेज संबंधित सामग्री को रिसीव करते हैं। यह भी सही है कि कुछ सामग्रियों की गुणवत्ता को लेकर छात्रों के स्तर पर भी सवाल उठाए जाते रहे हैं। छात्र संगठन एनएसयूआई ने इसको लेकर पूर्व में कई बार ज्ञापन भी सौंपा है। जिले के तीन प्रमुख कॉलेजों शासकीय टीआरएस कॉलेज, शासकीय आदर्श महाविद्यालय और शासकीय कन्या महाविद्यालय को रूसा योजना के तहत यह अनुदान विभिन्न अवसंरचना सुधार, लैब सामग्री, मेंटेनेंस, फर्नीचर और आइटी संसाधनों की खरीदी के लिए मिला था। सभी कॉलेजों को दो-दो करोड़ रुपए की राशि मिली थी। बताया गया है कि प्रदेश भर में कई कॉलेजों में यह राशि निर्धारित शर्तों के अनुरूप खर्च नहीं की गई। कुछ मामलों में निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी और निर्धारित प्रक्रिया के बिना सामग्री की खरीदी की गई है। इससे जुड़े दस्तावेजों और बिलों में भी विसंगतियां पाई गई है। मामले में उच्च शिक्षा विभाग ने भी संबंधित कॉलेजों




को अलर्ट किया है कि वह अपनी रिपोर्ट तैयार रखें। इस संबंध में नवंबर के अंत तक एक जांच दल रीवा पहुंच सकता है, जो दस्तावेजों की समीक्षा के साथ भौतिक सत्यापन भी करेगा। उल्लेखनीय है कि रूसा योजना का उद्देश्य कॉलेजों की गुणवत्ता सुधारना और बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है. लेकिन यदि यह धन सही उपयोग में नहीं आता तो इसका असर सीधे छात्रों की शिक्षा पर पड़ता है।कॉलेजों को मिली राशि की स्थितमॉडल साइंस कॉलेज कालेज को दो करोड़ रुपए मिले थे, जिसमें 1.7 लाख रुपए मर मत कार्यों में खर्च हो गए। खरीदी कार्यों में 44.20 लाख रुपए खर्च किए गए। निर्माण कार्यों में 63.92 लाख रुपए खर्च हुए। इस तरह से प्रोजेक्ट में प्राप्त खरीदी की गई है। राशि में 8356 रुपए केवल बचे शेष पूरी राशि खर्च हो गई है। कन्या महाविद्यालय को रूसा प्रोजेक्ट से मिली राशि में यहां निर्माण कार्यों पर फोकस किया गया। इसमें 1.48 करोड़ खर्च हुए। सामग्री खरीदी में 39.98 लाख रुपए खर्च किए गए। यहां पर करीब 12 लाख रुपए अभी भी बचे हुए हैं। खास बात यह है कि जो राशि खर्च की गई है उसका भी हिसाब महाविद्यालयों के पास नहीं है। टीआरएस कॉलेज को रुसा से मिले दो करोड़ रुपए में 1.80 करोड़ रुपए से निर्माण कार्य कराए गए और खरीदी में 20 लाख रुपए खर्च हुए। यहां पर जितनी रकम मिली पूरी खर्च कर दी गई।एपीएसयू को रूसा से मिले 20 करोड़अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय को भी रूसा मद से 20 करोड़ रुपए मिले हैं। इस राशि को खर्च करने में लगातार लेटलतीफी होती रही है। विश्वविद्यालय ने 13 विभागों की मर मत में तीन करोड, प्रशासनिक भवन का नवीनीकरण एक करोड़, छात्रावास नवीनीकरण एक करोड, परिसर विकास में एक करोड़, पुस्तक रिसर्च जनरल आदि खरीदी में एक करोड़, प्रयोगशाला उपकरण खरीदी में 1.65 करोड़, खेलकूद सामग्री खरीदी में 35 लाख, वीडियो कांफ्रेंसिंग और लैब में 50 लाख और दूसरी किस्त में नए रिसर्च एनोवेशन एंड एक्यूबेशन सेंटर के लिए छह करोड़, पुरुष छात्रावास निर्माण आदि में राशि खर्च की गई है।

# हर महीने गांवों में पहुंचेगा संभागीय अधिकारियों का दल



रीवा ।

कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि सभी संभागीय अधिकारी नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण करेंगे। अधिकारियों का दल एक साथ गांवों में पहुंचकर विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी करेगा। साथ ही आमजनता की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया जाएगा। सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के लिए माह के पहले और तीसरे मंगलवार को बैठक में संभागीय अधिकारी लंबित प्रकरणों के आवेदकों से चर्चा करके प्रकरणों का निराकरण कराएंगे। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सभी अधिकारी अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण करके रिपोर्ट दें। जिला कार्यालयों में ई आफिस प्रणाली को लागू कराएं। कमिश्नर ने कहा कि कमिश्नर्स-कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के निर्देशों पर तत्परता से कार्यवाही करें। विजन 2047 दृष्टिपत्र का गहनता से अध्ययन करके उसके अनुरूप विभागीय कार्यों को अंजाम दें। स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास के संभागीय अधिकारी संयुक्त रूप से जिलों में बैठक करके शिशुओं तथा महिलाओं के पोषण, टीकाकरण, शिशु मृत्यु दर एवं मातृ मृत्यु दर पर नियंत्रण के प्रयासों की समीक्षा करें। स्वास्थ्य सूचकांकों को बेहतर करने के लिए दोनो विभाग ग्राम स्तर तक समन्वय से कार्य करें। जिला, विकासखण्ड और ग्राम स्तर पर 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाएं। संविधान की संक्षेपिका का वाचन कराएं। गीता जयंती के कार्यक्रम भी शासन के निर्देशों के अनुसार आयोजित करें। कमिश्नर ने कहा कि संयुक्त संचालक कृषि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए एक सप्ताह में पूरे संभाग की कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करें। इसमें जैविक उत्पादों के प्रमाणीकरण तथा विपणन के बिन्दु भी शामिल करें। इसमें उद्यानिकी फसलों को भी शामिल करें। सभी नगरीय निकायों में एक जनवरी 2026 से जैविक बाजार शुरू करने के लिए संयुक्त संचालक कृषि तथा संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन आवश्यक प्रबंध करें। बैठक में कमिश्नर ने धान उपार्जन की तैयारी, मछली उत्पादन की आधुनिक तकनीकों के उपयोग, दुग्ध उत्पादन तथा संग्रहण बढ़ाने के प्रयासों तथा रोजगार मेले की तैयारी के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी तथा सभी संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बीच सड़क पर आग का गोला बनी कार, सवारों ने कूदकर बचाई जान



### चोरहटा के समीप हादसा फायर ब्रिगेड पहुंची तब तक कार खाक

रीवा । शहर के चोरहटा क्षेत्र में सोमवार शाम चलते-चलते एक कार अचानक आग का गोला बन गई। उसमें सवार लोगों ने तत्काल नीचे उत्तरकर अपनी जान बचाई। कुछ देर बाद दमकल की मदद से आग पर काबू पाया गया, तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। बताया गया कि कार में सवार कुछ लोग रीवा से चोरहटा की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे चोरहटा के पास पहुंचे, अचानक कार से धुआं निकलने लगा। अनहोनी की आशंका पर चालक ने सतर्कता दिखाते हुए तुरंत वाहन रोक दिया और सभी लोग बाहर निकल आए। देखते ही देखते कार में आग भड़क उठी और कुछ ही देर में पूरा वाहन जलकर खाक हो गया। घटना से सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन वे असफल रहे। सूचना मिलते ही पुलिस ने कंट्रोल रूम से फायर बिग्रेड को बुलाया जिसकी मदद से आग पर काबू पाया गया। प्रारंभिक तौर पर कार में शार्ट सर्किट होने से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने बताया कि जांच के बाद ही घटना का वास्तविक कारण सामने आ सकेगा।

# केन्द्रीय जेल में आयोजित किया गया गीता महोत्सव कार्यक्रम

रीवा ।

गीता जयंती के अवसर पर प्रदेश में 07 नवम्बर से 25 नवम्बर तक श्रीमद्भागवत गीता ज्ञान प्रतियोगिता के अंतर्गत केन्द्रीय जेल में परिरुद्ध बंदी एवं कर्मचारी की सहभागिता उल्लेखनीय रही। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ के तत्वाधान में भगवत गीता के पन्द्रहवें अध्याय के श्लोक का मूल वाचन करते हुये बंदियों को उसके लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय, संजीव कुमार गेंदले एवं योगेन्द्र पमार उप जेल अधीक्षक, श्याम सिंह कुशवाह, गायत्री शक्तिपीठ के प्रभाकांत तिवारी, हेमराज शर्मा, ऋषिकेश तिवारी सहित जेल में पदस्थ समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।




केन्द्रीय जेल में आयोजित किया गया गीता महोत्सव कार्यक्रम

गीता जयंती के अवसर पर प्रदेश में 07 नवम्बर से 25 नवम्बर तक श्रीमद्भागवत गीता ज्ञान प्रतियोगिता के अंतर्गत केन्द्रीय जेल में परिरुद्ध बंदी एवं कर्मचारी की सहभागिता उल्लेखनीय रही। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ के तत्वाधान में भगवत गीता के पन्द्रहवें अध्याय के श्लोक का मूल वाचन करते हुये बंदियों को उसके लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय, संजीव कुमार गेंदले एवं योगेन्द्र पमार उप जेल अधीक्षक, श्याम सिंह कुशवाह, गायत्री शक्तिपीठ के प्रभाकांत तिवारी, हेमराज शर्मा, ऋषिकेश तिवारी सहित जेल में पदस्थ समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में 52 आवेदकों की समस्यायें सुनीं

रीवा ।

कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने 52 आवेदकों की समस्यायें सुनीं तथा प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में खारा जवा के छोटेलाल कोल, प्रभावती कोल वगैरह के वनाधिकारी पट्टा प्रदाय किये जाने के आवेदन पर जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग को परीक्षण कर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। डीएस परिहार कांकर के खसरा संशोधन, भागवतचन्द्र तिवारी हन्ना के भूमि की फसल व जानमाल की सुरक्षा एवं बालमणि आदिवासी त्योंथर के भूमि पर जबरन निर्माण कार्य को रोकने के आवेदनों पर संबंधित एसडीएम को कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये। इसी प्रकार कोटा निवासी मीनादेवी कुशवाहा के सीमांकन कराने के आवेदन पर एसडीएम



सेमरिया को, बृजमोहन पाण्डेय के अवरूद्ध रास्ता खुलवाने के आवेदन पर तहसीलदार मनगवां को तथा तमरा निवासी तेजभान सिंह के जमीन एवं भू अभिलेख के प्रकरण के निराकरण के आवेदन को तहसीलदार रीवा को प्रेषित कर समुचित कार्यवाही किये जाने हेतु कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया।जनसुनवाई में डाढ़ी निवासी सूर्यभान गौतम द्वारा आवासीय क्षेत्र में क्रेसर निर्माण कार्य को रोके जाने के आवेदन पर खनिज विभाग के अधिकारियों को परीक्षण करने एवं घोघर निवासी मुकद्दरबेग के अवैध कब्जा हटाने व सुरक्षा दिलाने के आवेदन पर थाना प्रभारी को समुचित कार्यवाही के लिये कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी एवं संयुक्त कलेक्टर जीपी अग्रवाल ने भी आवेदकों की समस्यायें सुनीं।

# घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करें - कलेक्टर



रीवा

विधानसभा क्षेत्र में चल रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा रीवा । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल ने रीवा विधानसभा क्षेत्र में चल रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करें, हस्ताक्षरित प्रपत्र वापस लेकर उसे डिजिटाइजेशन का कार्य नियत समय सीमा में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि रीवा विधानसभा क्षेत्र में शहरी क्षेत्र होने से कुछ दिक्कत आ रही होगी जिसे रणनीति बनाकर दूर करें तथा घर-घर सर्वेकर मतदाताओं का सत्यापन करें। सेक्टर अधिकारी स्वयं मतदान केन्द्रों में उपस्थित रहकर बीएलओ द्वारा किये जा रहे कार्य में मदद करें एवं कम प्रगति वाले मतदान केन्द्रों में ज्यादा से ज्यादा ध्यान देकर कार्य को पूर्ण करायें। उन्होंने बीएलओ को कार्य करने के लिये प्रोत्साहित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय महत्व के इस कार्यक्रम में सभी को निश्चित समय में कार्य को पूर्ण करना है। मतदाताओं से प्रपत्र प्राप्त करना सबसे महत्वपूर्ण है। जो प्रपत्र वापस नहीं लिये गये हैं उन्हें शीघ्रता से वापस लेकर डिजिटाइजेशन करायें। कलेक्टर ने कहा कि अतिरिक्त टीम लगाकर कार्य को 28 नवम्बर तक पूरा किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में अनुपस्थित रहने पर नगर निगम रीवा के उपयंत्री मनोज सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये। बैठक में शत प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति करने वाले सुपर वाइजर ने अपनी रणनीति साझा की। इस अवसर पर एसडीएम अनुराग तिवारी, तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला सहित सेक्टर अधिकारी तथा बीएलओ उपस्थित रहे।

## कमिश्नर ने आमजनता के आवेदनों में की सुनवाई



रीवा ।

कमिश्नर बीएस जामोद ने कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित जनसुनवाई में आमजनता के आवेदनों की सुनवाई की। कमिश्नर ने राजस्व विभाग के सेवानिवृत्त सहायक ग्रेड दो नरेन्द्र कुमार के पेंशन प्रकरण के संबंध में संभागीय पेंशन अधिकारी को निर्देश दिए। कमिश्नर ने सेवानिवृत्त आयुर्वेद अधिकारी श्रीमती नीरजा शुक्ला के लंबित पेंशन प्रकरण के संबंध में संभागीय आयुष अधिकारी को निर्देश दिए। कमिश्नर ने बिजली विभाग के संविदाकार के लंबित बिल के भुगतान, सोहागी में शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटाने के आवेदन तथा डॉ विजय कुमार तिवारी के वेतन के आवेदन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।